# कृष्ण जन्म पर झूम उठे श्रद्धालु, श्रद्धा और भक्ति का उमड़ा सैलाब

- श्रीमद् भागवत कथा में नित्य प्रतिदिन हो रहा प्रात: वैदिक पूजन और अभिषेक
- कृष्ण जन्मोत्सव पर भक्तों ने दिखाया भक्ति का रस





**देवास। महाराष्ट्र समाज धर्मशाला में श्री औदुम्बर वरिष्ठ नागरिक मंच के तत्वावधान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भागवताचार्य पं डॉ दीपेश पाठक ने भगवान वामन अवतार, और समुद्र मंथन की कथा सुनाकर भक्तों को भावविभोर कर दिया। इसके बाद, उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा का वर्णन किया, जिसे बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।**

कथावाचक पं पाठक ने बताया कि भगवान वामन का अवतार हमें सिखाता है कि किस तरह भगवान अपने भक्त राजा बलि की जीत की घोषणा करते हैं। उन्होंने कहा कि बलि ने अपना सब कुछ भगवान को अर्पित कर दिया, जिसके कारण भगवान चार महीने के लिए उनके पास सुतल लोक में निवास करते हैं। उन्होंने समुद्र मंथन की कथा का आध्यात्मिक अर्थ समझाते हुए कहा कि हमें अपने जीवन में लगातार भगवान के नाम का मंथन करना चाहिए। इस मंथन से पहले बुराइयां और नकारात्मकता रूपी विष बाहर निकलता है, और फिर हमें सकारात्मकता, आनंद और सुख रूपी अमृत की प्राप्ति होती है।

**नित्य प्रतिदिन हो रहा वैदिक पूजन:** नगर पुरोहित पंडित मनीष पाठक(आष्टा) ने बताया की अधिकमास के पवित्र माह में आयोजित भागवत सप्ताह में प्रतिदिन देव एवं पितृ पूजन,अभिषेक मुख्य यजमान महेंद्र दुबे,जयंत शर्मा,महेंद्र जोशी,प्रकाश चौधरी,सुनील दुबे द्वारा वैदिक आचार्य पं मनीष पाठक नगरपुरोहित एवं विप्रजनों के मार्गदर्शन में नित्य प्रतिदिन संपन्न हो रहा हैं। भागवत सप्ताह के चतुर्थ दिवस पर कृष्ण जन्मोत्सव पर कृष्ण के जन्म की जीवंत प्रस्तुति महिला मंडल की कोमल दुबे के मार्गदर्शन में प्रस्तुत की गई जिसे देखकर श्रद्धालु झूम उठे।

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम

कथा के अंतिम चरण में, पं पाठक ने मथुरा में कंस के कारागार में श्रीकृष्ण के प्रकट होने की लीला का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान चतुर्भुज रूप में प्रकट हुए और अपने माता-पिता, देवकी और वासुदेव, को पूर्व जन्म की लीलाओं का स्मरण कराया। इसके बाद, उन्होंने बाल रूप धारण किया, और वासुदेव उन्हें गोकुल ले गए। गोकुल में श्रीकृष्ण के आगमन पर नंदलाल का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। भक्तों ने छैल लुटाई और बधाई गीत गाकर इस आनंदमयी उत्सव में हिस्सा लिया तत्पश्चात आरती कर प्रसादी का वितरण किया गया ।इस अवसर पर ब?ी सँख्या में महिला एवं पुरुषों ने कथा श्रवण की ।सिंध हिन्दू पंचायत के पदाधिकारियों ने महाराजश्री का स्वागत कर आशीर्वाद लिया तथा विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों , इंदौर,उज्जैन, आष्टा राऊ रँगवास से समाजजन ने भागवत कथा में उपस्थित रहकर धर्मलाभ लिया ।उक्त आयोजन का सफल संचालन वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष महेंद्र उपाध्याय द्वारा किया गया एवं आभार संयोजक जयंत शर्मा द्वारा व्यक्त किया गया।

## एक नजर में

### घावरी पुन: बने नगर परिषद सीएमओ



**कांटाफोड़।** नगर के समीप स्थित लोहारदा में नगर परिषद सतीश घावरी को पुन: मुख्य नगर परिषद अधिकारी बनाया गया।कुछ दिन पूर्व उनका स्थानांतरण अन्य जगह पर कर दिया गया था जिससे नगर वासियों में विरोधावास देखा गया था, नगर वासियों का कहना था कि उनके आने से नगर में विकास कार्य बहुत ही तेजी से हो रहे थे। पुन: नगर परिषद लोहारदा सीएमओ बनने पर नगर वासियों एवं इष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी।

### नागेश्वर धाम एनाबाद में पूर्णाहुति के साथ भंडारा संपन्न, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**सोनकच्छ।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर नागेश्वर धाम एनाबाद में आयोजित 9 दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का समापन गुरुवार को हुआ।नागेश्वर धाम के पडियार महाराज जितेंद्र सिंह गोहिल ने बताया कि प्रात: 9 बजे विधि-विधान से यज्ञ की पूर्णाहुति संपन्न हुई।पूर्णाहुति के पश्चात यज्ञ की परिक्रमा की गई एवं महाभंडारे का शुभारंभ किया गया।उन्होंने कहा कि पुरुषोत्तम मास में दान-पुण्य का विशेष महत्व है।इसी भाव से नागेश्वर धाम में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। विशाल पंडाल में लंबी पंगत लगाकर हजारों श्रद्धालुओं ने एक साथ बैठकर भोजन प्रसादी ग्रहण की। सेवादारों द्वारा श्रद्धालुओं को प्रेमपूर्वक प्रसाद परोसा गया। भंडारे के दौरान पडियार महाराज ठाकुर जितेंद्र सिंह गोहिल प्रसाद ग्रहण कर रहे श्रद्धालुओं से आत्मीयता से मिले। इस दौरान भक्तों का प्रेम और सेवादारों की सेवा देखकर वे भावुक हो गए।उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं व सेवादारों के सहयोग व योगदान के लिए दिल से आभार व्यक्त किया।महाराज ने बताया कि नागेश्वर धाम की यह विशेषता है कि यहां किसी से मांग की परंपरा नहीं है। श्रद्धालु स्वप्रेरणा से सेवा भाव से सहयोग करते हैं। आगामी वर्ष के भंडारे के लिए भी दानदाताओं ने स्वेच्छा से अपना सहयोग देना प्रारंभ कर दिया है।

### अग्रवाल संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 30 से

**इंदौर .** अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक का आयोजन 30-31 मई को एबी रोड, राऊ चौराहा के आगे सिमचा आइसलैंड पर आयोजित की गई है। संगठन के राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल के सानिध्य एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलभूषण मित्तल कुक्की (इंदौर) की अध्यक्षता में होने वाली इस दो दिवसीय बैठक का शुभारंभ शनिवार 30 मई को दोपहर 1 बजे से होगा. बैठक में समाज से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार मंथन कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे. इस मौके पर संगठन के सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी, कार्य समिति सदस्य, सभी प्रदेशों के अध्यक्ष एवं महामंत्री तथा अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति इंदौर के सभी पूर्व अध्यक्ष भी शामिल होंगे, जिनका राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान भी किया जाएगा. संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री राजेश भारुका ने बताया कि बैठक में समाजहित से जुड़े अनेक ज्वलंत विषयों पर विचार मंथन तो होगा ही, संगठन द्वारा प्रस्तावित आगामी कार्यक्रमों और अन्य योजनाओं पर भी विचार विमर्श किया जाएगा. मुख्यरूप से समाज की राजनीतिक भागीदारी को लेकर भी इस बैठक में प्रस्ताव पारित किए जाएंगे

### तुकोगंज जैन समाज के चुनाव में लुहाड़िया अध्यक्ष

**इन्दौर .** तुकोगंज जैन समाज के वार्षिक चुनाव जाल सभाग्रह मे सर्वसम्मति से सम्पन्न हुए. समाज की साधारण सभा मे सभी सदस्यो की आपसी सहमति से समत हेमा लुहाडिया को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया. कार्यक्रम की शुरुआत मे मे अतिथियों का स्वागत किया गया, इसके बाद मुख्य वक्ता के रुप मे विनय बाकलीवाल श्रीमती रानी डोषी एवं हसमुख गांधी ने ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने समाज की प्रगति और एकता पर जोर देते हुए नवनियुक्त अध्यक्ष को शुभकामनायें दी. पूरे कार्यक्रम का कुशल संचालन अजित जैन और अक्षय अजमेरा द्वारा किया गया.

### अधिक मास की आलोचना करना धर्म के विरुद्ध

**इंदौर .** इंदिरा गांधी नगर के मां मंदिर में अधिक मास के उपलक्ष में शाम 4 से 6 .30 बजे तक पंडित बलभद्र शर्मा द्वारा कथा का वाचन किया जा रहा है. इस संदर्भ साहित्यकार हरेराम वाजपेई ने बताया कि आज की कथा में मुख्य दो प्रसंग आए पहले अधिक मास जिसे पुरुषोत्तम भी कहा जाता ह. इससे विशेष तौर से ईश्वर की आराधना के लिए अतिरिक्त समय मिलता है जो लोग इसकी आलोचना करते हैं. उनका कार्य धर्म के विरुद्ध है. दूसरे प्रसंग में द्रोपदी के पूर्व जन्म की कथा बताई कि किस प्रकार से ऋषि कन्या को उसके अहंकार के कारण दुर्वासा ऋषि ने श्राप दिया कि उसके पांच पति होंगे लेकिन वरदान स्वरुप यह भी कहा की पांचो पति ज्ञानी धर्म परायण और महाबली होंगे. साथ ही द्रौपदी संसार में पूजनीय नारियों में अनंत काल तक मानी जाएगी.

### द्वि-शताब्दी गुरुराज स्पर्श चातुर्मास की तैयारियां प्रारंभ

**इंदौर .** त्रिस्तुतिक सम्प्रदाय के गच्छाधिपति नित्यसेनसूरीश्वरजी म.सा. आदि साधू-साध्वी वृन्द का वर्ष 2026 का ऐतिहासिक द्वि-शताब्दी गुरुराज स्पर्श चातुर्मास इंदौर में आयोजित होने जा रहा है. यह चातुर्मास एयरपोर्ट रोड स्थित केसर वाटिका में संपन्न होगा. चातुर्मासकी तैयारियाँ व्यापक स्तर पर प्रारंभ हो चुकी हैं. चातुर्मास समिति अध्यक्ष नीरज सुराणा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस महोत्सव की साधारण सभा एवं विभिन्न धार्मिक लाभार्थी चढ़ावों की जाजम रविवार, 31 मई को प्रात: 9 .15 बजे कुंवर मंडली स्थित श्री राजेंद्र आराधना भवन में आयोजित की जाएगी. कार्यक्रम के अंतर्गत सुबह 8 .30 बजे नवकारसी होगी, जिसके पश्चात चढ़ावे प्रारंभ होंगे. गौरतलब है कि नित्यसेन सूरीश्वरजी आदि ठाणा एवं साधु-साध्वी वृंद का इंदौर में मंगल प्रवेश 19 जुलाई को होगा. यह चातुर्मास विशेष रूप से कलिकाल कल्पतरु विश्वपूज्य राजेंद्र सूरीश्वरजी महाराज साहब के जन्म के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में समर्पित रहेगा. ट्रस्ट अध्यक्ष धनराज संघवी एवं सचिव महेंद्र बागवाला ने बताया कि केसर वाटिका में लगभग 10,000 वर्गफीट का विशाल प्रवचन पंडाल, साधु-संतों के निवास की व्यवस्था तथा 8,000 वर्गफीट की विशाल भोजनशाला का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है. राजेश जैन, युवा मीडिया समन्वयक ने बताया कि देशभर के 300 से अधिक श्रीसंघों से लगभग 5,000 श्रद्धालु बाहर से तथा इंदौर सकल समाज से मंगल प्रवेश के अवसर पर 10000 श्रद्धालु, कुल लगभग 15,000 श्रद्धालु एवं चतुर्विध संघ गुरु भगवंतों की आगवानी करेंगे। वहीं संपूर्ण चातुर्मास अवधि में लगभग एक लाख श्रद्धालुओं के आगमन का अनुमान है.

# बागली में ईद उल अजहा पर्व मनाया हर्षोल्लास के साथ





**बागली। देश के साथ-साथ बागली नगर में भी गुरुवार को मुसलमानों का त्याग और बलिदान का त्योहार ईद उल अजहा हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई 20 से अधिक परिवारों में कुर्बानी अदा की गई इस दौरान बागली स्थित ईदगाह मैदान पर सुबह से ही चहल-पहल दिखाई दी इस दौरान बड़ी संख्या में मुस्लिम अनुयायियों ने परंपरागत ईदगाह मैदान पर एकत्रित होकर नमाज अदा की।**

साधारण जुलूस के रूप में निकले मुस्लिम भाइयों को हिंदू लोगों ने भी मुबारकबाद देते हुए बधाई दी इस दौरान बागली विधायक मुरली भंवरा भी भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी जहूर खान के परिवार के बीच ईद की मुबारक बाद देने पहुंचे साथ ही बताया कि बागली क्षेत्र अमन और सोहाद्र का क्षेत्र है। यहां हिंदू मुस्लिम मिलकर सभी पर्व सोहद्रता के साथ मनाते आए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से एक दिन पूर्व बागली के प्रमुख मार्गो पर पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया और ईद उल जहां पर्व शांति के साथ मनाए जाने की अपील की। बागली नगर परिषद अध्यक्ष सीमा कमल यादव उपाध्यक्ष आरती विपिन शिवहरे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देख दिलीप गुर्जर आदिवासी नेता नंदू सिंह रावत जिला पंचायत सदस्य कमल मस्कोले वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण चौधरी सूर्य प्रकाश गुप्ता बसंती लाल मोदी पत्रकार सुनील योगी मुकेश गुप्ता बागली एस डी ओ पी थाना प्रभारी मनोज सिंह सहित कई लोगो ने मुस्लिम अनुयायियों को पर्व की मुबारकबाद देते हुए बधाई दी मुस्लिम समाज जनकी ओर से वरिष्ठ समाज सेवी कासम अली सेवानिवृत शिक्षक हबीब पठान जर गुल लाला महबूब पठान अल्पसंख्यक मोर्चा के जहुर खान पूर्व सदर शाहिद पठान असलम खिलजी अजीज मंसूरी आशिक शाह असगर अली मोहम्मद बोहरा सादीक खान साबान भाई मुबारक खान जाकिर अली सहित अधिकतर वरिष्ठ मुसलमान ने बागली सोहाद्रता की तारीफ करते हुए कहा कि यहां अमन और पैगाम का संदेश हर पर्व पर दिखाई देता है।

**संगठन का स्थापना दिवस मनाया**

# देवास मंडी कार्यालय में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ की बैठक



**देवास।** जिला अध्यक्ष जगन सिंह पटेल ने बताया कि बैठक में 28 मई को संगठन का स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार कक्काजी का जन्म दिवस एवं किसानों की समस्याओं का निराकरण को लेकर चर्चा की गई संगठन को विस्तार देने के लिए भी चर्चा की गई ।जिला और तहसीलों में संगठन का स्थापना दिवस मनाया।इस उपलक्ष में बैठक में उज्जैन संभाग अध्यक्ष मानसिंह कोठारी, मालवा निमा? प्रांतअध्यक्ष कैलाश चौधरी, जिला अध्यक्ष ठाकुर गगन सिंह पटेल, कोषाध्यक्ष रघुनाथ सिंह पुनासा, जिला मंत्री राम सिंह सेंधव पुनासा, राजेंद्र सिंह मारसाब घटिया, मनोहर सिंह ठाकुर, राजेंद्र सिंह पुनासा आदि किसान उपस्थित रहे।

# प्रगति एथलेटिक क्लब के खिलाड़ियों का चयन मध्य प्रदेश पुलिस में



**देवास।** देवास जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सह सचिव धर्मेंद्र भदोरिया ने बताया कि देवास जिला एथलेटिक एसोसिएशन के तीन खिला?ियों का चयन मध्य प्रदेश पुलिस में हुआ है इसमें भारती सोलंकी इंदौर , प्यारेलाल जाटवा खरगोन, अनुज परमार विदिशा के लिए चयनित हुए हैं। इनकी उपलब्धि पर देवास जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव अनिल श्रीवास्तव, सहसचिव धर्मेंद्र भदोरिया, देवास जिला सॉफ्टबॉल एसोसिएशन के सचिव राजीव श्रीवास्तव, विक्रम अवॉर्डी रागिनी चौहान, हवलदार रूपेश निरंजन यादव आदि द्वारा स्वागत किया गया। एसोसिएशन द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

**एक नजर** पत्रकार हितों की रक्षा एवं संगठन विस्तार को लेकर नई टीम ने संभाली जिम्मेदारी

# मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की कन्नौद ब्लॉक कार्यकारिणी घोषित




**लोहारदा। मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देशन एवं उज्जैन संभागीय अध्यक्ष मनोज जैन तथा देवास जिला अध्यक्ष अरविंद चौकसे के मार्गदर्शन में कन्नौद ब्लॉक कार्यकारिणी की घोषणा कर संगठन को नई मजबूती प्रदान की गई। संघ द्वारा पिछले दिनों वरिष्ठ पत्रकार एवं सक्रिय समाजसेवी रवींद्र परमार (कांटाफोड़) को कन्नौद ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।**

नियुक्ति के बाद उन्होंने संगठन के विस्तार एवं पत्रकार हितों को ध्यान में रखते हुए अपनी नई कार्यकारिणी का गठन किया। कार्यकारिणी में अनुभवी एवं सक्रिय पत्रकार साथियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिससे संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर बाबूलाल चौधरी (बिचकुआं), आकाश सेठी (पानीगांव) और आनंद योगी (सतवास) को नियुक्त किया गया है। वहीं संगठन की आर्थिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखने हेतु कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी राजकुमार मोदी (कन्नौद) को सौंपी गई है। इसके अलावा सचिव पद पर मनोज डाबी (लोहारदा) तथा सहसचिव पद पर अरविंद भूतड़ा (लोहारदा) को नियुक्त किया गया है। नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष रवींद्र परमार ने कहा कि संगठन द्वारा जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, उसका पूरी ईमानदारी एवं सक्रियता के साथ निर्वहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का चौथा स्तंभ है और पत्रकारों की समस्याओं एवं अधिकारों के लिए संगठन सदैव संघर्षरत रहेगा। साथ ही संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने एवं अधिक से अधिक पत्रकार साथियों को जोड़ने का कार्य किया जाएगा।